भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या 850

जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है।

## नैनो उर्वरकों को बढ़ावा देना

**850. श्री पी.वी.मिधुन रेड्डी:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नैनो उर्वरकों के वाणिज्यिक उपयोग में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) क्या सरकार की नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इनके उत्पादन पर राजसहायता प्रदान करने की मंशा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार नैनो उर्वरकों के लिए प्रभावी और किफायती छिड़काव तकनीक विकसित करने पर कार्य कर रही है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) क्या सरकार की निजी क्षेत्र द्वारा नैनो उर्वरक के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना तैयार करने की मंशा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

(क): किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित उपाए किए गए हैं:-

i. नैनो यूरिया के प्रयोग को विभिन्न गतिविधियों जैसे कि जागरूकता शिविरों, वेबिनारों, नुक्कड़ नाटकों, खेतों पर प्रदर्शनों, किसान सम्मेलनों और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों आदि के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है।

ii. नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को संबंधित कंपनियों द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) पर उपलब्ध कराया जाता है।

iii. नैनो यूरिया को उर्वरक विभाग द्वारा नियमित रूप से जारी मासिक आपूर्ति योजना में शामिल किया गया है।

iv. आईसीएआर ने भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल के माध्यम से हाल ही में "उर्वरक (नैनो-उर्वरकों सहित) के कारगर और संतुलित उपयोग'' पर राष्ट्रीय अभियान का आयोजन किया।

v. 15 नवंबर, 2023 को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के दौरान नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया।

vi. पत्तियों पर छिड़काव के माध्यम से नैनो यूरिया जैसे नैनो उर्वरकों के छिड़काव और उपयोग में आसानी के लिए ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव और खुदरा बिक्री केंद्रों पर बैटरी चालित स्प्रेयरों का वितरण जैसी पहलें की जाती हैं। इस प्रयोजन के लिए, ग्राम स्तरीय उद्यमियों के माध्यम से पायलट प्रशिक्षण और कस्टम हायरिंग छिड़काव सेवाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाता है।

vii. उर्वरक विभाग ने उर्वरक कंपनियों के सहयोग से परामर्श और क्षेत्र स्तरीय प्रदर्शन करके देश के सभी 15 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो डीएपी को अपनाने के लिए एक महाअभियान शुरू किया है। इसके अलावा, उर्वरक विभाग ने उर्वरक कंपनियों के सहयोग से देश के 100 जिलों में नैनो यूरिया प्लस के लिए फील्ड स्तरीय प्रदर्शन करने और जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए भी अभियान शुरू किया है।

**(ख):** वर्तमान में उर्वरक विभाग द्वारा सब्सिडी का कोई प्रावधान नहीं है। तथापि, उर्वरक विभाग अपनी कंपनियों को नैनो उर्वरक संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

**(ग) और (घ):** ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरकों का छिड़काव एक लागत प्रभावी विधि के रूप में उभरा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान, किसानों ने छिड़काव की इस नई तकनीक को अपनाने में रुचि दिखाई थी।

**(ड.):** वर्तमान में, नैनो उर्वरकों के उत्पादन को किसी उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम के अंतर्गत लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******